हिन्दी प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी चंडीगढ़

3 अप्रैल 2026, समय 18:10

मुख्य समाचार

1. पश्चिमी एशिया संघर्ष के प्रभाव के बावजूद भारत में एलपीजी की आपूर्ति निर्बाध जारी।

2. केंद्र सरकार ने राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों से एलपीजी और अन्य पेट्रोलियम उत्पादों की जमाखोरी और कालाबाजारी रोकने के लिए ज़रूरी कार्रवाई करने को कहा।

3. हरियाणा विधानसभा के उपाध्यक्ष डॉ. कृष्ण मिढ़ा ने जींद अनाज मंडी का दौरा कर खरीद प्रक्रिया का जायजा लिया।

4. हरियाणा के खेल राज्य मंत्री गौरव गौतम ने कहा कि बारिश होने से गेहूं की फसल में नमी की मात्रा से हुए नुकसान की भरपाई के लिए कदम उठाए जाएगें।

5. हरियाणा राज्य महिला आयोग ने महिलाओं को औद्योगिक इकाइयों में मिल रहे माहौल का जायजा लेने के लिए औद्योगिक इकाइयों का निरीक्षण किया।

***********************************************************************

पश्चिमी एशिया संघर्ष के वैश्विक ऊर्जा बाजारों पर प्रभाव के बावजूद भारत में एलपीजी की आपूर्ति  पर्याप्त बनी हुई है। इंडियन ऑयल ने कहा है कि उसने रसोई गैस की निर्बाध आपूर्ति बनाए रखी है और वर्तमान में प्रतिदिन लगभग 28 लाख एलपीजी सिलेंडर वितरित कर रही है। यह वितरण मौजूदा संकट से पहले की स्थिति के अनुरूप ही है।
कंपनी ने कहा कि सोशल मीडिया और ग्राहक शिकायतों के माध्यम से कुछ एलपीजी वितरकों की अनियमितताओं की रिपोर्ट सामने आई हैं। कालाबाजारी और जमाखोरी पर अंकुश लगाने के लिए एलपीजी वितरकों के अचानक निरीक्षण करने के लिए कई टीमें तैनात की गई हैं। कंपनी ने कहा कि साढ़े सात हजार से अधिक निरीक्षण किए गए हैं और 141 एलपीजी वितरकों के खिलाफ कार्रवाई की गई है।

इंडियन ऑयल ने एलपीजी की रिफिल बुकिंग डिजिटल माध्यम से ही करने पर बल देते हुए कहा कि इस समय 87 प्रतिशत बुकिंग डिजिटल माध्यम से हो रही है।

***********************************************************************

केंद्र सरकार ने राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों से एलपीजी और अन्य पेट्रोलियम उत्पादों की जमाखोरी और कालाबाजारी को रोकने के लिए आवश्यक कार्रवाई करने को कहा है। पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय के सचिव डॉ. नीरज मित्तल ने इस संबंध में राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को पत्र लिखा है।

राज्यों को जमाखोरी, हेराफेरी और घबराहट पैदा करने वाली गलत सूचनाओं के प्रसार पर कड़ी निगरानी रखने की भी सलाह दी गई है। मंत्रालय ने कहा कि सभी रिफाइनरियां उच्च क्षमता पर काम कर रही हैं, कच्चे तेल का पर्याप्त भंडार है और पेट्रोल और डीजल का पर्याप्त स्टॉक मौजूद है।

*************************************************************************

हरियाणा विधानसभा के उपाध्यक्ष डॉ. कृष्ण मिढ़ा ने आज जींद की अनाज मंडी का दौरा किया और खरीद प्रक्रिया व सुविधाओं का जायजा लिया।उन्होंने किसानों और व्यापारियों को मुख्यमंत्री की जींद रैली में आने का निमंत्रण भी दिया।

पत्रकारों के सवालों के जवाब देते हुए डॉ. मिढ़ा ने कहा कि चुनाव अधिकारियों पर हमलों जैसी घटनाएं मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की “बौखलाहट” को दर्शाती हैं।

उन्होंने कहा कि पश्चिम बंगाल में लोकतांत्रिक मूल्यों को कमजोर किया जा रहा है, लेकिन जनता अब बदलाव के लिए पूरी तरह तैयार है। पश्चिम बंगाल की राजनीतिक स्थिति पर तीखी प्रतिक्रिया देते हुए उन्होंने दावा किया कि वहां जल्द ही भारतीय जनता पार्टी की पूर्ण बहुमत के साथ सरकार बनेगी।

कांग्रेस पर उन्होंने कहा कि पार्टी पहले ही कमजोर स्थिति में है। देश की राजनीति में अब कांग्रेस का प्रभाव लगातार घट रहा है।हरियाणा के विकास का उल्लेख करते हुए डॉ. मिड्ढा ने कहा कि राज्य कई क्षेत्रों में देशभर में अग्रणी है। विशेष रूप से लिंगानुपात के मामले में उल्लेखनीय सुधार हुआ है।

*************************************************************************

हरियाणा के खेल राज्य मंत्री गौरव गौतम ने आज पलवल अनाज मंडी का दौरा कर गेहूं की खरीद प्रक्रिया का जायजा लिया।

उन्होंने किसानों और आढ़तियों से मुलाकात की और अधिकारियों को खरीद प्रक्रिया पर निगरानी रखने के निर्देश दिए ताकि फसल की खरीद के दौरान किसानों को कोई परेशानी न हो।

पत्रकारों से बातचीत में श्री गौरव गौतम ने कहा कि सरकार द्वारा गेहूं की खरीद को लेकर पुख्ता इंतजाम किए गए है।

उन्होंने कहा कि प्राकृतिक आपदा के तहत बारिश होने से गेहूं की फसल में नमी की मात्रा से नुकसान हुआ है। उसकी भरपाई के लिए सरकार द्वारा कदम उठाए जाएगें।

**********************************************************************

शाहबाद अनाज मंडी में गेहूं की आवक शुरू हो गई है। आज मंडी में सबसे पहले गेहूं लेकर पहुंचे गांव छपरी के एक किसान की करीब 50 क्विंटल फसल सरकार द्वारा निर्धारित न्यूनतम समर्थन मूल्य पर खरीदी गई। किसान ने खरीद प्रक्रिया को लेकर संतोष जताते हुए कहा कि उसे किसी प्रकार की परेशानी का सामना नहीं करना पड़ा।

मार्केट कमेटी के सचिव कृष्ण कुमार मलिक ने बताया कि इस वर्ष मंडी में साढ़े 5 लाख टन गेहूं खरीद का लक्ष्य रखा गया है।उन्होंने कहा कि मंडी में किसानों की सुविधा के लिए सभी प्रबंध किए गए हैं और सुरक्षा के दृष्टिगत चारों ओर सीसीटीवी कैमरे भी लगाए गए हैं।

**********************************************************************

हरियाणा राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष रेणु भाटिया ने आज पलवल जिले में पृथला स्थित औद्योगिक इकाई साई ऑटो कंपोनेंट्स प्राइवेट लिमिटेड का दौरा किया।

श्रीमती रेणु भाटिया ने दौरे के बाद पत्रकारों से बातचीत में कहा कि औद्योगिक इकाइयों में महिलाओं को मिल रहे सुरक्षित माहौल का जायजा लेने के लिए प्रदेश की विभिन्न औद्योगिक इकाइयों का निरीक्षण किया जा रहा है।

उन्होंने बताया कि उन्होंने कर्मचारियों के साथ संवाद किया और उनके कल्याण, कार्यस्थल के माहौल तथा उनके अधिकारों के प्रति जागरूकता जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा की।

श्रीमती रेणु भाटिया ने कार्यस्थल पर सुरक्षित, समावेशी और सहयोगात्मक वातावरण को बढ़ावा देने पर जोर दिया।

उन्होंने कहा कि महिलाओं की सुरक्षा को लेकर हरियाणा राज्य महिला आयोग प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि हरियाणा राज्य महिला आयोग द्वारा औद्योगिक इकाई में कार्यरत महिलाओं को पोस्को एक्ट व साइबर अपराध के प्रति जागरूक किया जाएगा।

**********************************************************************

मौसम विभाग ने चंडीगढ़ और हरियाणा में आज, कल और 8 अप्रैल को कुछ स्थानों पर और 5 व 6 अप्रैल को अलग-अलग स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश होने की संभावना जताई है।

विभाग ने कहा है कि अगले 2 दिनों के दौरान अधिकतम तापमान में 4 से 6 डिग्री सेल्सियस की गिरावट दर्ज हो सकती है ।

राज्य में आज और 4 तारीख को अलग-अलग स्थानों पर ओलावृष्टि भी हो सकती है और अलग-अलग स्थानों पर आंधी चलने की भी संभावना है।

**********************************************************************

स्वच्छ भारत मिशन–ग्रामीण के तहत हरियाणा देश के अग्रणी राज्यों में शुमार हो गया है। ग्रामीण स्वच्छता के प्रमुख संकेतकों पर राज्य का प्रदर्शन राष्ट्रीय औसत से बेहतर रहा है।

मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी ने बताया कि ओडीएफ प्लस मॉडल श्रेणी में राज्य ने 91.08 प्रतिशत कवरेज हासिल किया है, जो राष्ट्रीय औसत 85.3 प्रतिशत से अधिक है। हरियाणा के कुल 6,618 गांवों में से 6,520 गांव ओडीएफ प्लस हो गए हैं, जबकि 6,028 गांवों ने मॉडल गांव का दर्जा प्राप्त कर लिया है।

उन्होंने बताया कि आज चंडीगढ़ में हुई हरियाणा राज्य स्वच्छ भारत मिशन की कार्यकारी समिति की पांचवीं बैठक में राज्य की प्रगति की समीक्षा की गई। साथ ही वर्ष 2026-27 के लिए 291 करोड़ 40 लाख रुपये की महत्वाकांक्षी वार्षिक कार्य योजना को भी मंजूरी दी गई।

*********************************************************************